# कार्यालयः प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, रूद्रप्रयाग।

कार्या0आ0सं0: 165 /प्रवेश/2026–27, दिनांक 22 जुलाई, 2026

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में शैक्षिणिक सत्र 2026–27 में बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम प्रथम सेमेस्टर में समर्थ पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के सापेक्ष बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु द्वितीय वरीयता सूची दिनांक **22 जुलाई, 2026** को जारी की गई है। द्वितीय वरीयता सूची महाविद्यालय की वेबसाइट (www.gpgcagastyamuni.org) एवं सूचना पट्ट पर चस्पा की गई है। द्वितीय वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रवेशार्थीयों को प्रवेश हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 22 **जुलाई, 2026 से 25 जुलाई, 2026 की गई है।**

द्वितीय वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रवेशार्थी **दिनांक 22 जुलाई, 2026 से 25 जुलाई, 2026** प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय तक प्रवेश न लेने पर समस्त जिम्मेदारी प्रवेशार्थी की होगी। प्रवेश के समय निम्न प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं **मूल प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

1. समर्थ पोर्टल से प्राप्त पंजीकरण/प्रवेश आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी।
2. हाईस्कूल अंकतालिका/प्रमाण पत्र स्वप्रमाणति छायाप्रति।
3. इण्टरमीडिएट अंकतालिका/प्रमाण पत्र स्वप्रमाणति छाया प्रति ।
4. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र छायाप्रति/मूलप्रति ।
5. अन्तिम शिक्षण संस्थान द्वारा प्रदत्त स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (T.C.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (C.C.) की मूलप्रति।
6. एन्टी रैंगिंग शपथ पत्र का लिंक महाविद्यालय वैबसाइट पर उपलब्ध है ।
7. एन्टीड्रग ई–शपथ पत्र लिंक **https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/**से भरकर जमा करना अनिवार्य है।
8. महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप– क (छात्र द्वारा शपथ पत्र) व प्रारूप–ख (पिता एवं अभिभावक की घोषणा)।
9. आधार कार्ड की छायाप्रति।
10. अधिमानी अंकों (Weightage) से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं मूलप्रति ।

**नोट–**

1. प्रवेश के समय अभ्यर्थी का स्वयं उपस्थिति होना अनिवार्य है।
2. प्रवेश के समय दस्तावेज सत्यापन हेतु समस्त मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होगें अन्यथा की स्थिति में प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा ।
3. प्रवेश शुल्क एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की सूचना बाद में प्रेषित की जायेगी।
4. वरीयता सूची ऑनलाइन सत्यापन के आधार पर जारी की गई है, काउंसलिंग के समय यदि मूल दस्तावेजों के साथ भिन्नता पाई जाती है तो, छात्र/छात्रा का प्रवेश, प्रवेश समिति अथवा प्राचार्य द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
अगस्त्यमुनि, रूद्रप्रयाग।

Scanned with OKEN Scanner